दिनांक–03.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में 32वें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ।
- केंद्रीय कैबिनेट ने 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर को दी मंजूरी।
- प्रदेश में अधिकतर जिलों में बारिश का दौर जारी, भोपाल, सीहोर और हरदा में स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज अवकाश घोषित ।
- पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास।

पीएम-कृषि सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में 32वें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का शुभारंभ करेगे। भारत में इस सम्मेलन का आयोजन 65 वर्ष बाद हो रहा है। छह दिन के इस सम्मेलन की थीम है- "संवहनीय कृषि खाद्य प्रणाली की ओर रूपांतरण". इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के क्षरण, बढ़ती उत्पादन लागत जैसे वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए संवहनीय कृषि की बढ़ती जरूरत पर ध्यान देना है। यह सम्मेलन वैश्विक कृषि चुनौतियों के प्रति भारत के सक्रिय दृष्टिकोण को उजागर करेगा और कृषि अनुसंधान नीति में देश की प्रगति  दर्शायेगा। सम्मेलन में लगभग 75 देशों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे।

आगरा-ग्वालियर हाई-स्पीड कॉरिडोर

केंद्रीय कैबिनेट ने 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर की परियोजना को स्वीकृत दे दी है। इस 88 किमी लंबे हाई-स्पीड कॉरिडोर को 4 हजार 613 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत के साथ बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर मोड पर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना से आगरा और ग्वालियर के बीच यात्रा का समय 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा और यह मौजूदा 4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग की यातायात क्षमता को 2 गुना से अधिक बढ़ाने में सहायक होगी। यह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों से कनेक्टिविटी को भी बढ़ाएगा।

केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि इस परियोजना से प्रदेश में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और प्रदेश को आर्थिक लाभ मिलेगा।

रीवा ट्रेन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल रीवा के मध्य नई एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वर्तमान में राजधानी भोपाल से रीवा जाने के लिए

रेवांचल एक्सप्रेस प्रतिदिन सागर कटनी होकर जाती है। नई एक्सप्रेस ट्रेन इटारसी मार्ग से सप्ताह में दो दिन चलेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर तरह की यातायात कनेक्टिविटी को विकसित किया जा रहा है। रीवा के लिए वायुयान सुविधा भी उपलब्ध है। गंभीर रोगियों, पर्यटकों श्रद्धालुओं आदि के लिए प्रदेश के अन्य नगरों के मध्य भी विभिन्न माध्यमों से कनेक्टिविटी प्रारंभ की गई है।

डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में रेल मंत्री के क्षेत्र में ही रेल सुविधाएं बढ़ाई जाती थी। गत 10 वर्ष से इस परिपाटी को बदल दिया गया है।

उद्यमी सम्मेलन-देवास

एमएसएमई विभाग के सहयोग से लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश द्वारा 6 अगस्त को देवास में अखिल भारतीय उद्यमी सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। सम्मेलन में केन्द्र सरकार के एमएसएमई विभाग के सहयोग से महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित तीन दिवसीय स्वयं सिद्धा इंडिया प्रदर्शनी भी यहाँ लगायी जाएगी  है। इस समागम में 3000 से अधिक उद्यमी भाग ले रहे है, जिसमें लगभग 300 से ज्यादा अन्य प्रदेशों के है।

मौसम

प्रदेश में अधिकतर जिलों में बारिश का दौर जारी है। इसके फलस्वरूप प्रदेश के नौ बांधों के गेट खोलने पड़े। भारी बारिश के चलते सीहोर और हरदा में स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज अवकाश घोषित कर दिया है। इधर, भोपाल में 182 सरकारी स्कूलों में शनिवार की छुट्टी रहेगी। ये स्कूल बाढ़ से प्रभावित है। बाकी सभी स्कूल लगेंगे।

भोपाल और नरसिंहपुर में कल करीब सवा इंच पानी गिरा। सीधी में सबसे ज्यादा 3 दशमलव 7 इंच बारिश हुई। रायसेन और सतना में 3 इंच बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के चलते भोपाल में कोलार डैम, कलियासोत, भदभदा, नर्मदापुरम में तवा डैम, अशोकनगर में राजघाट, जबलपुर में बरगी, रायसेन के बारना डैम, विदिशा में हलाली डैम और छिंदवाड़ा में माचागोरा डैम के गेट खोलकर पानी छोड़ा गया।

कटनी मे पिछले दिनो से हो रही लगातार वारिस से कटनी के नदी नालो मे  जल स्तर लगातार बढ रहा है। जिसको देखते हुए जिले मे रेड अलर्ट जारी किया गया है।

सागर दुर्घटना

सागर जिले में सानौधा थाना इलाके में ट्रक और कार की टक्कर में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य हैं। सभी लोग सागर के परसोरिया निवासी समाजसेवी सुरेश जैन के परिवार के थे।

ओलंपिक बैडमिंटन

पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने कल पुरुष एकल बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। वह ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय शटलर बने। लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टीएन चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से हराया।

कराते चैम्पियनशिप

ऑल इण्डिया इन्डीपेन्डेन्ट कप कराते चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन 4 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में म.प्र. राज्य मार्शल आर्ट कराते अकादमी भोपाल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण 3 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 7 पदक अपने नाम किये।

क्रिकेट

कोलंबो में भारत और श्रीलंका के बीच पहला एक दिवसीय क्रिकेट मैच कल रात टाई हो गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 230 रन बनाए।

वहीँ, भारत ने भी 47 ओवर और पांच गेंदों में सभी विकेट खोकर श्रीलंका के स्कोर की बराबरी की। कप्तान रोहित शर्मा ने 47 गेंदों में 58 रन बनाए। श्रीलंका के वानिन्दु हसरंगा और चरिथ असलंका ने तीन-तीन विकेट लिए। श्रीलंका के दुनिथ वेल्लालगे को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीन एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच कल कोलंबो में खेला जायेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज मुरैना के दौरे पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री दिल्ली से हवाई मार्ग द्वारा ग्वालियर पहुंचेंगे। हवाई अड्डे से सडक़ मार्ग द्वारा मुरैना आएंगे।
- राज्य शासन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा के 10 अधिकारियों का तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इनमें अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी शामिल है।
- इंदौर के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में किसान सड़क निधि से लगभग 10 करोड़ रुपये लागत के 17 विकास कार्यों को मंजूर किया गया है।
- खण्डवा में आंगनवाड़ी स्तर पर विश्व स्तनपान सप्ताह जागरूकता अभियान 1 से 7 अगस्त तक मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मां के दूध से कोई बच्चे वंचित न रहे और सभी बच्चे स्वस्थ रहें है ।
- निवाड़ी में कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों संबंधी बैठक आयोजित की गई।

- डिंडोरी में जिला प्रशासन द्वारा कल शासकीय आईटीआई शहपुरा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे थे ।
- आगर मालवा में गौ-वंशों को सड़कों पर खुला छोड़ने पर 1000 रुपए जुर्माना अथवा शासन के नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
- मंदसौर के ग्राम रिच्छा बच्चा में गांव की महिलाओं को पेयजल स्रोतों का क्लोरिनेशन करते हुए फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण करने का प्रशिक्षण दिया गया।
- धार जिले में अपने पदीय दायित्यों एवं कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से नहीं करने पर एक पटवारी को निलंबित और तीन के वेतन पर रोक लगा दी गयी है ।
- रायसेन जिले के बरेली स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे ने पटवारियों, पंचायत सचिवों तथा रोजगार सहायकों को निर्देश दिए कि सभी भूमिधारकों व किसानों के भूमि के रिकार्ड की समग्र एवं खसरा आधारित ई-केवायसी सुनिश्चित कराएं।
- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिले में 39 आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत किए गए हैं जिन्हें सितंबर माह तक तैयार किया जाना है। कार्य की प्रगति को लेकर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने शुक्रवार को संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों के साथ बैठक की।

और

- पन्ना टाइगर रिजर्व में हाथी केन कली ने मादा बच्चे को जन्म दिया। अब यहाँ कुल 19 हाथी हो गए है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में 32वें अंतरराष्ट्रीय कृषि अर्थशास्त्री सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ।
- केंद्रीय कैबिनेट ने 6-लेन आगरा-ग्वालियर राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर को दी मंजूरी।
- प्रदेश में अधिकतर जिलों में बारिश का दौर जारी, भोपाल, सीहोर और हरदा में स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों में आज अवकाश घोषित ।
- पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास।

..................................